washington healthplanfinder
click. compare. covered.

# हैल्थ कवरेज के बारे में मूलभूत जानकारी

कवर होने के बारे में आपको जानने की ज़रूरत है वह सबकुछ



# विषय सूची


| | |
|---|---|
| 4 | Washington Healthplanfinder™ |
| 5 | मुख्य शब्द |
| 6-7 | किसी हेल्थ प्लान के बारे में मूलभूत जानकारी |
| 8 | बेनिफिट्स |
| 9 | आर्थिक सहायता |
| 10 | Washington Apple Health (Medicaid) |
| 11 | हैल्थ प्लान चुनना |
| 12-14 | Cascade Care |
| 15-16 | आवेदन कब करें |
| 17 | आवेदन के लिए चेकलिस्ट |
| 18-23 | आवेदन कैसे करें |
| 23 | हमें फॉलो करें! |

# Washington Healthplanfinder™

## Washington Healthplanfinder क्या है?

Washington Healthplanfinder वह स्थान है जहाँ से वॉशिंगटन में ऑनलाइन हैल्थ प्लान खरीदा जा सकता है। वॉशिंगटन के लोग हमारे द्वारा अपने लिए अनुकूल हैल्थ प्लान खोज सकते हैं।

Washington Healthplanfinder ऐसे प्लान और बचत प्रदान करता है जो अन्य स्थानों पर उपलब्ध नहीं हैं। Cascade Care प्लान कई अन्य प्लानों की तुलना में अधिक सेवाएं और बचत प्रदान करते हैं। टेक्स क्रेडिट्स जैसे बचत प्रोग्राम आपके प्रीमियम पर लागत को कम कर सकते हैं। आपको ये बेनिफिट्स कहीं और नहीं मिलेंगे।

## मैं Washington Healthplanfinder का इस्तेमाल कैसे करूँ?

Washington Healthplanfinder के साथ किसी हैल्थ प्लान के लिए आवेदन करना आसान है। आप साइन अप करके wahealthplanfinder.org, WAPlanfinder ऐप पर या फोन पर शॉपिंग कर सकते हैं।

हमारी वेबसाइट पर जाएं
**wahealthplanfinder.org**

## प्रश्न हैं? कस्टमर सपोर्ट को कॉल करें।

हमारा कस्टमर सपोर्ट सेन्टर 200 से अधिक भाषाओं में सहायता प्रदान करता है।

हमें कॉल करें।
फ़ोन: **1-855-923-4633** | TTY: **1-855-627-9604**

# मुख्य शब्द

ये शब्द आपके हेल्थ प्लान को समझने की चाबी हैं।

### ▶ प्रीमियम

आपका प्रीमियम वह राशि होता है, जो आप हर महीने अपने हेल्थ प्लान के लिए चुकाते/चुकाती हैं। आपको तब भी प्रीमियम चुकाना होगा जब आपको कोई स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं न मिलें।

### ▶ कॉस्ट शेयरिंग

कॉस्ट शेयरिंग यानी कि स्वास्थ्य देखभाल लागत की वह राशि जो आप चुकाते हैं. इस शब्द में डिडक्टिबल्स, को-इंशुरैंस और को-पे शामिल हैं।

### ▶ डिडक्टिबल

आपका डिडक्टिबल वह राशि है जो आपको आपका हेल्थ प्लान लागत में योगदान शुरू करे उससे पहले देखभाल के लिए चुकानी होगी। आपकी डिडक्टिबल राशि हर साल की शुरुआत में फिर से शुरू होती है।

### ▶ को-पे

को-पे वह राशि होती है जो आप कवर होने वाली स्वास्थ्य देखभाल सेवा के लिए चुकाते हैं। आपका को-पे जब आप सेवा प्राप्त करते/करती हैं तब देय होता है।

### ▶ को-इंशुरैंस

को-इंशुरैंस एक कवर होने वाली स्वास्थ्य देखभाल सेवा का आपका हिस्सा है। आपने अपने हेल्थ प्लान के डिडक्टिबल चुका दिए हों उसके बाद आप को-इंशुरैंस चुकाना शुरू करते हैं।

### ▶ आउट-ऑफ-पॉकेट

आउट-ऑफ-पॉकेट लागत वह होती है जो आप स्वास्थ्य देखभाल के लिए चुकाते/चुकाती हैं। इनमें आपका डिडक्टिबल, को-इंशुरैंस और आपके को-पे शामिल होते हैं।
आपके हेल्थ प्लान में कवर न होने वाली कोई भी राशि आउट-ऑफ-पॉकेट लागत है।

### ▶ नेटवर्क

नेटवर्क आपका हेल्थ प्लान जिन्हें कवर करता है उन प्रदाताओं की सूची होता है। इन-नेटवर्क प्रदाता आपके हेल्थ प्लान द्वारा अनुमोदित होते हैं। आउट-ऑफ-नेटवर्क प्रदाता आपके हेल्थ प्लान द्वारा अनुमोदित नहीं होते हैं।

# किसी हेल्थ प्लान के बारे में मूलभूत जानकारी

### हेल्थ प्लान क्या होता है?

आप हर साल एक हेल्थ प्लान खरीदते हैं जो कि अगर आपको या आपके परिवार को स्वास्थ्य देखभाल की ज़रूरत हो तो काम आए। जब आपके पास एक हेल्थ प्लान होता है, तब आपका इंशुरैंस कैरियर स्वास्थ्य देखभाल की लागत का एक हिस्सा चुकाता है।

### मुझे हेल्थ प्लान की ज़रूरत क्यों है?

स्वस्थ लोग भी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का इस्तेमाल करते हैं। हेल्थ प्लान लेने से सुनिश्चित किया जा सकता है कि स्वास्थ्य देखभाल की लागत आप जब भी उसका इस्तेमाल करें, वहनीय हों। अगर आप स्वस्थ हैं, तो आप स्वस्थ रहने के लिए एहतियाती देखभाल पा सकते हैं. अगर आप स्वस्थ नहीं हैं, तो तेज़ी से उपचार पा सकते हैं। हेल्थ प्लान आपको ज़रूरत हो तब चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का एक वहनीय तरीका प्रदान करता है।



**भविष्य के लिए एक हेल्थ प्लान**

आप कभी जान नहीं सकते हैं कि आपको कब डॉक्टर के पास जाना होगा। हेल्थ प्लान होने से सुनिश्चित होता है आपको ज़रूरत हो तब चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का एक वहनीय तरीका उपलब्ध है।

आप स्वस्थ हों तब भी आपका हेल्थ प्लान स्वस्थ रहने में आपकी सहायता करता है।



**अपने स्वास्थ्य में निवेश करें**

स्वास्थ्य देखभाल की लागत बिना हेल्थ प्लान के महँगी हो सकती है। रूटिन विज़िट का योग तेज़ी से बड़ा होता जाता है। अचानक चोट या बड़ी बीमारी का इलाज आपकी बचत को खा सकते हैं।

आज हेल्थ प्लान पर थोड़ा खर्च करके आप भविष्य में बहुत बचत कर सकते हैं।

## Affordable Care Act (अफॉर्डेबल केयर एक्ट - वहनीय देखभाल कानून) क्या है?

Affordable Care Act (अफॉर्डेबल केयर एक्ट - वहनीय देखभाल कानून) पारित करके, Washington (वॉशिंग्टन) स्टेट ने Washington Healthplanfinder की रचना की है। Affordable Care Act का लक्ष्य है स्वास्थ्य देखभाल की लागत को कम करना। पहले से कहीं अधिक लोग थोड़ी सी लागत पर या निःशुल्क हेल्थ प्लान पा सकते हैं। आपकी परिस्थिति आपको Washington Apple Health (Medicaid) के लिए या फिर ऐसे बेनिफिट्स के लिए पात्र बना सकती है जो आप कवरेज के लिए जो कीमत चुकाते हैं उसे कम कर सकते हैं।

आप wahealthplanfinder.org पर या WAPlanfinder ऐप पर निःशुल्क या कम लागत वाला हेल्थ कवरेज पाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## अगर मैं कोई हेल्थ प्लान न लूँ तो क्या?

हेल्थ प्लान न होने पर आप चिकित्सा देखभाल की पूरी लागत चुकाएंगे। फ्लू शॉट की कीमत $50 हो सकती है। अस्पताल में तीन दिन तक रहना पड़ने पर हज़ारों डॉलर लगते हैं। कैंसर का उपचार लाखों में हो सकता है।

अगर आप कवर नहीं पाते हैं, तो हो सकता है आपको टैक्स पेनल्टी भी लगे। वॉशिंगटन में आपको अपने परिवार के हर व्यक्ति के लिए एक मिलती है।

## देखभाल की लागत कितनी होती है?

यहाँ पर कुछ उपचार हैं और उनकी लागत भी।
आपका हेल्थ प्लान आपके साथ ऐसी लागत शेयर करता है।

| उपचार | कीमत |
|---|---|
| हृदय की सर्जरी | $78,585 |
| मैमोग्राम | $263 |
| स्पाइन (मेरुदंड) की सर्जरी | $13,255 |
| कोलनोस्कोपी | $1,484 |
| सी-सेक्शन (सिज़ेरियन) | $18,098 |
| अर्जन्ट केयर विज़िट | $181 |
| वार्षिक चेकअप (किशोरों के लिए) | $117 |
| ER की मुलाकात | $579 |

# बेनिफिट्स

## हेल्थ प्लान क्या कवर करता है?

सभी हेल्थ प्लान यह दस आवश्यक स्वास्थ्य बेनिफिट्स कवर करते हैं।
कुछ प्लान, जैसे Cascade Care प्लान ज्यादा कवर करते हैं।

### इसेन्शियल हेल्थ बेनिफिट्स

- डॉक्टर विज़िट और अस्पताल में भरती होना
- इमरजन्सी रूम की मुलाकात
- मेटर्निटी (सगर्भावस्था और मातृत्व) देखभाल
- मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं और नशीले पदार्थों का दुरुपयोग संबंधी उपचार
- प्रिस्क्रिप्शन से मिलने वाली दवाएँ
- जब आपको चोट लग जाए तो स्वास्थ्य लाभ सेवाएं
- लैब परीक्षण
- प्रीवेन्टेटिव सर्विसिस (एहतियाती सेवाएं)
- चिरकालिक स्थितियों का प्रबंधन
- बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल

### Cascade Care

Cascade Care प्लान से आप पहले से कहीं अधिक सेवाओं और बचत तक पहुँच बना सकते हैं।

### कोई इन्कार नहीं

आपको पहले से मौजूद स्थितियों के कारण कवरेज देना अस्वीकार नहीं किया जाएगा।

### देखभाल की गुणवत्ता

कई हेल्थ प्लान आपके पास कवरेज न हो तब प्राप्त होने वाली देखभाल की तुलना में देखभाल की एक उच्चतर गुणवत्ता प्रदान करते हैं।

### मुफ्त एहतियाती देखभाल

चेकअप और टीके जैसी सेवाएं पूरी तरह से कवर होती हैं।

# आर्थिक सहायता

## टैक्स क्रेडिट क्या हैं?

टैक्स क्रेडिट आप हर महीने अपने हेल्थ प्लान के लिए जो राशि चुकाते/चुकाती हैं उसके कम करती हैं। इन्हें सरकार चुकाती है और यह आपके हेल्थ प्लान के प्रीमियम पर लागू की जाती है। टैक्स क्रेडिट्स केवल Washington Healthplanfinder के द्वारा ही उपलब्ध है।

## टैक्स क्रेडिट कौन पा सकता है?

आपको कितनी टैक्स क्रेडिट मिलेगी इसका आधार आपकी आय और आपके परिवार के आकार पर है। आपके परिवार की आय जितनी कम होगी, आप उतनी अधिक टैक्स क्रेडिट के लिए पात्र हो सकते हैं। इस राशि की गणना आप नामांकन कराएं तब की जाती है। अगर ये चीज़ें सच हों, तो आप टैक्स क्रेडिट्स के लिए पात्र हो सकते हैं:

- आप Washington Apple Health (Medicaid) या Medicare के लिए पात्र नहीं हैं।
- आपके पास अपनी नौकरी या किसी अन्य सरकारी कार्यक्रम के द्वारा बीमा नहीं है।
- आप यू.एस. के/की नागरिक हैं या कानूनन यू.एस में हैं और वॉशिंग्टन में रहते हैं।
- अगर आप शादीशुदा हैं, तो आप मैरिड फाइलिंग सेप्रेटली रिटर्न फाइल नहीं करते/करती हैं।

## Cascade Care Savings क्या है?

Cascade Care Savings प्रोग्राम आपके हेल्थ प्लान के प्रीमियम की लागत को कम कर देता है। अगर आप पात्र हैं, तो स्टेट आपके प्रीमियम का एक हिस्सा चुकाएगा।

## Cascade Care Savings कौन पा सकता है?

अगर ये बातें सच हों, तो आप Cascade Care Savings के लिए पात्र हो सकते हैं:

- आपकी आय फेडरल पॉवर्टी लेवल (गरीबी स्तर) से 250% से कम है।
- आप Washington Apple Health (Medicaid), Apple Health Expansion या Medicare के लिए पात्र नहीं हैं।
- आप Cascade Care सिल्वर या गोल्ड प्लान में नामांकित हैं।
- अगर आप टैक्स क्रेडिट्स के लिए पात्र हैं, तो आपने आप पा सकते हैं वह पूरी राशि स्वीकार की है।

# Washington Apple Health (Medicaid)

## Apple Health क्या है?

Apple Health वॉशिंगटन में Medicaid का नाम है। यह सभी आवश्यक हेल्थ बेनिफिट्स कवर करता है। कई लोग Apple Health निःशुल्क पा सकते हैं। कुछ लोगों को एक मासिक प्रीमियम चुकाना पड़ सकता है।

आप किसी भी समय Washington Healthplanfinder के द्वारा Apple Health के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## Apple Health कौन पा सकता है?

अगर ये तीन चीज़ें सच हों, तो आप Apple Health पा सकते/सकती हैं। अगर आप नहीं जानते/जानती हैं कि आप पात्र हैं या नहीं, तो Washington Healthplanfinder पर अकाउंट बनाएं और साइन इन करें।

- आपकी आय फेडरल पॉवर्टी लेवल (गरीबी स्तर) से 138% से कम है।
- आप वॉशिंगटन में रहते हैं।
- आपकी आयु 65 साल से कम है।

# हैल्थ प्लान चुनना

**सही प्लान चुनना सरल हो सकता है।**

हैल्थ प्लान चुनते समय कई चीज़ें सोचनी होती हैं। हो सकता है आप कई प्लान्स के लिए पात्र हों, लेकिन आपको ठीक से पता नहीं है कि कौनसा आपकी ज़रूरतों के लिए सबसे अच्छा है। विभिन्न प्लान अलग-अलग बेनिफिट्स देते हैं. Cascade Care प्लान्स एक मानक कॉस्ट शेयरिंग का इस्तेमाल करते हर मेटल लेवल पर श्रेष्ठ बेनिफिट्स देते हैं।

नीचे दिए प्रश्न आपको सही हैल्थ प्लान खोजने में मार्गदर्शन दे सकते हैं।




- **हर साल मैं कितना भुगतान कर सकता/सकती हूँ?**
  अलग-अलग हैल्थ प्लान के लिए मासिक प्रीमियम अलग-अलग होता है।
- **क्या मुझे किसी प्रायमरी केयर फ़िज़िशियन को चुनना होगा?**
  कुछ प्लान प्रदान करते हैं आपके लिए।
- **क्या मेरे मौजूदा डॉक्टर प्लान के नेटवर्क में हैं?**
  सुनिश्चित करें कि आपके मौजूदा डॉक्टर कवर होते हैं।
- **क्या मुझे स्पेशियलिस्ट से मिलने के लिए लिखित रेफरल की ज़रूरत होगी?**
  कुछ प्लानों के लिए लिखित रेफरल की ज़रूरत होती है।
- **डॉक्टर बदलना कितना आसान है?**
  हो सकता है आप भविष्य में डॉक्टर बदलना चाहें।
- **क्या कोई डिडक्टिबल है?**
  आपका प्लान लागत साझा करे इससे पहले आपको अपना डिडक्टिबल पूरा करना होगा।
- **इस प्लान में आउट-ऑफ-पॉकेट (खुद चुकाने वाली) लागत क्या है?**
  अक्सर मुलाकात करने पर आउट-ऑफ-पॉकेट लागत की राशि बढ़ सकती है।
- **यह प्लान इमरजन्सी रूम की मुलाकात को कैसे प्रबंधित करता है?**
  जानें कि आपात स्थिति होने पर क्या करें।
- **क्या मैं अगले साल में बड़े चिकित्सकीय खर्च की अपेक्षा करता/करती हूँ?**
  आपको अधिक कवरेज चाहिए हो सकता है अगर आपको बच्चा होने वाला हो या कोई अन्य बड़ा खर्च होने वाला हो।

# Cascade Care

## Cascade Care प्लान क्या होते हैं?

Cascade Care प्लान Washington Healthplanfinder के ज़रिए उपलब्ध एक पात्र स्वास्थ्य प्लान है। ये आवश्यक हेल्थ बेनिफिट्स कवर करते हैं और कई प्लान्स से ज्यादा सेवाएं और बचत प्रदान करते हैं।

Cascade Care प्लान दो तरह के होते हैं: Cascade प्लान्स और Cascade Select प्लान्स। Cascade Select प्लान्स को अधिक ऊँचे मानक पूरे करने होते हैं। ये अन्य प्लान्स की तुलना में अधिक गुणवत्ता और मूल्य प्रदान करते हैं।

## मुझे कोई Cascade Care प्लान क्यों चुनना चाहिए?

Cascade Care प्लान कम लागत में अधिक कवरेज प्रदान करते हैं। आपको डिडक्टिबल चुकाना पड़े इससे पहले यह अधिकतर प्लान्स से अधिक सेवाएं कवर करते हैं। इनमें प्रायमरी केयर, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, जेनेरिक दवाएं और अधिक शामिल हैं।

आप आउट-ऑफ-पॉकेट लागत में भी बचत करेंगे। जब आप कोई Cascade Care प्लान चुनते हैं तो आपका डिडक्टिबल औसतन $1,000 कम हो जाता है।

## Cascade Care प्लान कैसे काम करते हैं?

Cascade Care प्लान एक मानक कॉस्ट शेयरिंग डिज़ाइन इस्तेमाल करते हैं। इसका मतलब है कुछ चीज़ें। पहले, कैरियरों के बीच आउट-ऑफ-पॉकेट लागत समान ही रहती है। हर मेटल स्तर पर सभी Cascade Care प्लान्स एक ही डिडक्टिबल, को-पे और को-इंशुरैंस प्रादन करते हैं।

दूसरे, Cascade Care प्लान्स में एक ही कवरेज होता है। वे डिडक्टिबल तक पहुँचने से पहले एक समान सेवाएं कवर करते हैं। आप यह जानते हुए आराम से बैठ सकते हैं कि श्रेष्ठ कवरेज उपलब्ध है।

## अधिक विकल्प। अधिक मूल्य।

Cascade और Cascade Select प्लान आपको अधिक विकल्प और अधिक मूल्य देते हैं। उनका मानक कॉस्ट शेयरिंग डिज़ाइन सुनिश्चित करता है कि आपको श्रेष्ठ संभव कवरेज मिले।

Cascade Care प्लान्स सिर्फ Washington Healthplanfinder द्वारा ही उपलब्ध हैं। अपने अकाउंट में साइन इन करें और देखें कि क्या आप पात्र हैं।



## Washington Healthplanfinder पर उपलब्ध प्लान्स

| | गैर-Cascade प्लान | Cascade प्लान | Cascade Select प्लान |
|---|---|---|---|
| टैक्स क्रेडिट के लिए पात्र | ✓ | ✓ | ✓ |
| Cascade Care बचत के लिए पात्र | | ✓ | ✓ |
| पात्र हेल्थ प्लान (सभी गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरना चाहिए) | ✓ | ✓ | ✓ |
| सभी दस आवश्यक स्वास्थ्य बेनिफिट कवर करता है | ✓ | ✓ | ✓ |
| मानक कॉस्ट-शेयरिंग (प्लान में एक ही समान डिडक्टिबल, को-पे और कोइंश्युरेंस होता है) | | ✓ | ✓ |
| डिडक्टिबल पूरा होने से पहले प्रायमरी केयर (प्राथमिक देखभाल), अर्जन्ट केयर (आपात स्थिति देखभाल), मेंटल हेल्थ केयर (मानसिक स्वास्थ्य देखभाल) जेनरिक (बिना ब्रांड की) दवाएं और अधिक को कवर करता है | | ✓ | ✓ |
| केवल Washington Healthplanfinder द्वारा प्रदान | | ✓ | ✓ |
| Washington की हर काउंटी में प्रदान | ✓ | ✓ | |

# आवेदन कब करें

### मैं हैल्थ प्लान के लिए कब आवेदन कर सकता/सकती हूँ?

आप ओपन एनरोलमेन्ट के दौरान किसी हैल्थ प्लान के लिए आवेदेन कर सकते/सकती हैं। ओपन एनरोलमेन्ट साल का वह समय है जब आप Washington Healthplanfinder पर पात्र हैल्थ प्लान और पात्र डेन्टल प्लान खरीद सकते/सकती हैं। यह हर साल 1 नवम्बर को शुरू होता है।

### अगर ओपन एनरोलमेन्ट से पहले मुझे कवरेज की ज़रूरत हो तो क्या?

कुछ जीवन बदलने वाली घटनाएं आपको साल भी समय किसी स्वास्थ्य प्लान के लिए से साइन अप करने देती हैं। इसे स्पेशियल एनरोलमेन्ट कहा जाता है। आप पात्र जीवन बदलने वाली घटना के होने को 60 दिनों के बाद तक स्पेशियल एनरोलमेन्ट के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं।

**पात्र जीवन बदलने वाली घटनाएं (क्वॉलिफायिंग लाइफ ईवेंट्स)**

- शादी
- डॉमेस्टिक पार्टनरशिप में बँधना
- जन्म
- बच्चा गोद लेना या फॉस्टर केयर
- जल्दी निवृत्ति
- मौत, तलाक या कानूनन अलग होने के परिणाम स्वरूप किसी आश्रित व्यक्ति या आश्रित स्थिति को खोना
- अन्य हैल्थ इंशुरैंस खोना
- नि:शुल्क COBRA कवरेज खोना
- वॉशिंगटन में रहने आना
- नई काउंटी में रहने जाना
- नागरिकता या कानूनी उपस्थिति स्थिति में परिवर्तन
- जेल से छूटना
- अदालत का कोई आदेश मिलना (चाइल्ड सपोर्ट सहित)
- आय में परिवर्तन

## कम आय वाले परिवार

कम आय वाले परिवार किसी भी समय स्पेशियल एनरोलमेन्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए कोई पात्र जीवन बदलने वाली घटना ज़रूरी नहीं है। इस बेनिफिट को पाने के लिए आपकी आय फेडरल पॉवर्टी लेवल (FPL) के 250% से कम होनी चाहिए।

## AI/AN व्यक्ति और जनजातीय सदस्य

एनरोलमेन्ट के नियम जनजातीय सदस्यों और अलास्का नेटिव कॉर्पोरेशन के शेयर धारकों पर लागू नहीं होते हैं। आप साल में किसी भी समय नामांक करा सकते हैं। अगर आप चाहें तो आप महीने में एक बार अपना प्लान बदल भी सकते हैं।



# आवेदन के लिए चेकलिस्ट

## आवेदन के लिए मुझ किन चीज़ों की ज़रूरत है?

जब आप हैल्थ प्लान के लिए आवेदन करते हैं, तब Washington Healthplanfinder को आपके बारे में कुछ मूलभूत जानकारी की ज़रूरत होती है। नीचे दिए हुए चेकलिस्ट का इस्तेमाल करके सुनिश्चित करें कि आपके पास आपको जिसकी ज़रूरत है वह चीज़ें हैं।

- [x] **कानूनी नाम और जन्म तिथियाँ**
  आपको कवरेज का आवेदन करने वाले हर व्यक्ति का कानूनी नाम और जन्म तिथि चाहिए होगी।

- [x] **सोशल सिक्योरिटी नंबर (SSN)**
  आवेदन करने वाले हर व्यक्ति का सोशल सिक्योरिटी नंबर भी तैयार रखें, अगर उनके पास हो। आपके पास यह न हो तब भी आप आवदेन कर सकते हैं।

- [x] **गैरनागरिक स्थिति**
  अगर आप नागरिक नहीं है तो हमें आपकी स्थिति को जानने की ज़रूरत पड़ सकती है। ऐसा हो तब भी आप या आपके परिवार के सदस्य कवरेज पा सकते हैं।

- [x] **आय और टैक्स फाइलिंग स्थिति**
  आवेदन करने वाले हर व्यक्ति के लिए आपके पास हो वह आय संबंधी सारी जानकारी इकट्ठा कर लें। इनमें W-2 फॉर्म और टैक्स रिटर्न शामिल हो सकते हैं।

- [x] **अन्य बीमा संबंधी जानकारी**
  आपके पास स्वास्थ्य बीमा के लिए अन्य विकल्प हो सकते हैं, जैसे कि Medicare, Tri-Care या नौकरी-आधारित कवरेज। आप आवेदन करें तब यह जानकारी इकट्ठा कर लें।

# आवेदन कैसे करें

### मेरे पास मुझे ज़रूरत है वह सभी चीज़ें हैं! अब क्या?

आप wahealthplanfinder.org पर, या फोन पर कवरेज के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं।

**ऑनलाइन यहाँ साइन अप करें**
**wahealthplanfinder.org**

हमारी वेबसाइट पर अकाउंट बनाएं, हेल्थ प्लान खरीदें और उपयोगी जानकारी पाएं।

**हमें 1-855-923-4633**
**पर कॉल करें**

कस्टमर सपोर्ट सोमवार से शुक्रवार
सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक फोन पर उपलब्ध है।

## क्लिक करें। तुलना करें। कवर हों।

Washington Healthplanfinder से आपकी ज़रूरतों के अनुसार सही प्लान खोजना आसान है। चाहे आप wahealthplanfinder.org इस्तेमाल करें या WAPlanfinder ऐप, ये सरल कदम उठाएं।

**1** **शॉप करें और तुलना करें**
अपनी आयु, तंबाकू का उपयोग और अंदाजित आय प्रदान करें। आपको आप पा सकते हैं उन हेल्थ प्लानों की सूची और उनके प्रीमियम मिलेंगे।

**2** **आवेदन करें**
अधिक जानकारी दर्ज करें जैसे टैक्स फाइलिंग स्थिति और आय के स्रोत। इससे आप देख पाएंगे/पाएंगी कि क्या आप आर्थिक सहायता, Washington Apple Health (Medicaid) या पात्र हैल्थ प्लान के लिए पात्र हैं।

**3** **प्लान चुनें**
आपके पास अपनी स्थिति के आधार पर कई विकल्प हैं। अपनी और अपने परिवार की ज़रूरतों के लिए श्रेष्ठ प्लान चुनें।

**4** **कवर पाएं।**
आपका कवरेज आप पहला प्रीमियम चुकाएं तब शुरू होता है। आपको अपने इंश्युरैंस केरियर से बिल और एक कार्ड मिलेगा।

## अपने आवेदन के लिए सहायता पाएं।

हम पूरे राज्य में विशेषज्ञों से साझीदारी करते हैं जो आपको साइन-अप की प्रक्रिया में मार्गदर्शन दे सकते हैं। इन विशेषज्ञों को ब्रोकर और नेविगेटर कहा जाता है। ये लोग हैल्थ प्लान्स के बारे में प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं और बता सकते हैं कि नामांकन कैसे कराएं। वे आपको यह भी बता सकते हैं कि क्या आप आर्थिक सहायता के लिए पात्र हैं।

ब्रोकर और नेविगेटरों की सहायता आम तौर पर निःशुल्क होती है। wahealthplanfinder.org या WAPlanfinder ऐप पर अपने एरिया में कोई विशेषज्ञ खोजें।

## शहर के अनुसार नेविगेटर और ब्रोकर वाले नामांकन सेंटर

**Bellingham (बेलिंघम)**
PCF Insurance Services
2200 Rimland Dr., #305, Bellingham, WA 98226
*फोन:* 1-360-734-1173
*ईमेल:* Keith.Wallace@pcfins.com

**Everett (एवरेट)**
Health Insurance Solutions NW, LLC
7003 Evergreen Way, Suite B, Everett, WA 98203
*फोन:* 1-425-252-5105
*ईमेल:* neil@his-nw.com

**Federal Way (फ़ेडरल वे)**
Public Health Seattle & King County
1640 S 318th Place, Federal Way, WA 98003
*फोन:* 1-800-756-5437
*ईमेल:* chap@kingcounty.gov

**Kennewick (केनेविक)**
Advisor Health Benefits Group
1446 Spaulding Ave, Suite 302, Richland, WA 99352
*फोन:* 1-509-524-9611
*ईमेल:* kevin@advisorhealthbenefits.com

**Seattle (सिएटल)**
Financial Designs
2723 California Avenue SW, Seattle, WA 98116
*फोन:* 1-425-392-7390
*ईमेल:* cmcclure@financialdesignsinsurance.com

**Spokane (स्पोकेन)**
Better Health Together Enrollment Center
157 S Howard, Ste 300, Spokane, WA 99201
*फोन:* 1-509-370-5605
*ईमेल:* bhtnavigatorstaff@BetterHealthTogether.org
*वेबसाइट:* www.betterhealthtogether.org/navigators

**Tacoma (टैकोमा)**
FND Insurance & Financial Services, LLC
5515 Steilacoom Blvd SW, Suite 122, Lakewood, WA 98499
*फोन:* 1-253-302-5579
*ईमेल:* teamfnd@fndinsurance.com

**Vancouver (वैनकुवर)**
Applied Team Insurance
8513 NE Hazel Dell Avenue, Suite 101, Vancouver, WA 98665
*फोन:* 1-360-726-6092
*ईमेल:* marlena@appliedteamins.com

**Yakima (याकिमा)**
Yakima Neighborhood Health Services
610 Yakima East Avenue, Yakima, WA 98901
*फोन:* 1-509-853-2377
*ईमेल:* navigators@ynhs.org

## काउंटी के अनुसार नेविगेटर वाले नामांकन सेंटर

**Adams, Ferry, Lincoln, Pend Oreille, Stevens, या Spokane काउंटी**
Better Health Together
*फोन:* 1-509-370-5605
*ईमेल:* bhtnavigatorstaff@BetterHealthTogether.org
*वेबसाइट:* www.betterhealthtogether.org/navigators

---

**Chelan, Douglas, Grant, या Okanogan काउंटी**
Confluence Health
*फोन:* 1-509-433-3383
*ईमेल:* sm_ch_lead_org@confluencehealth.org

---

**Asotin, Benton, Columbia, Franklin, Garfield, Walla Walla, या Whitman काउंटी**
Greater Health Now
*फोन:* 1-509-567-5317
*ईमेल:* WAHBEquestions@greaterhealthnow.org

---

**Clallam, या Kitsap काउंटी**
Lutheran Community Services Northwest
*फोन:* 1-360-452-5437 (Clallam) | 1-360-377-5511 (Kitsap)
*ईमेल:* clallamfamilycenter@lcsnw.org
kitsapfamilycenter@lcsnw.org

---

**Jefferson, King, या Snohomish काउंटी**
Public Health Seattle & King County
*फोन:* 1-800-756-5437
*ईमेल:* chap@kingcounty.gov

---

**Kittitas या Yakima County**
Yakima Neighborhood Health Services
*फोन:* 1-509-853-2377
*ईमेल:* navigators@ynhs.org

**Clark, Cowlitz, Grays Harbor, Klickitat, Lewis, Mason, Pacific, Pierce, Skagit, Skamania, Thurston, Wahkiakum, या Whatcom काउंटी**
Sea Mar Community Health Centers
*फोन:* 1-855-289-4503
*ईमेल:* seamaripa@seamarchc.org

---

**Statewide Tribal Assister help**
American Indian Health Commission
*ईमेल:* laura.kluever@aihc-wa.com




# हमें फॉलो करें!

इन सोशल चैनलों पर हम उपयोगी जानकारी और नामांकन अपडेट्स शेयर करते हैं।

- Washington Healthplanfinder
- waplanfinder

washington
healthplanfinder
click. compare. covered.

wahealthplanfinder.org
1-855-WAFINDER | 1-855-923-4633